Shri Nanda: Sir, I introduce† the Bill.

TELEGRAPH WIRES (UNLAWFUL POSSESSION)* AMENDMENT BILL

The Minister of Transport and Communications (Dr. P. Subbarayan): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Telegraph Wires (Unlawful Possession) Act, 1950.

Mr. Speaker: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Telegraph Wires (Unlawful Possession) Act, 1950."

The motion was adopted.

Dr. P. Subbarayan: Sir, I introduce the Bill.

12.47 hrs.

RESOLUTION *RE*: SUGAR (REGULATION OF PRODUCTION) ORDINANCE AND SUGAR (REGULATION OF PRODUCTION) BILL—*contd.*

Mr. Speaker: The House will now take up further consideration of the following Resolution moved by Shri Braj Raj Singh, namely:—

"This House disapproves of the Sugar (Regulation of Production) Ordinance 1961 (Ordinance No. 3 of 1961) promulgated by the President on the 29th September, 1961,"

and the motion—

"That the Bill to provide for the regulation of production of sugar in the interests of the general public and for the levy and collection of a special excise duty on sugar produced by a factory in excess of the quota fixed for the purpose, be taken into consideration."

Shri Jhunjhunwala was in possession of the House and he had taken 10 minutes. He will now continue.

Shrimati Renuka Ray (Malda): May I ask a question, Sir? We were under the impression that the Resolution on Public Undertakings was to come up today. It was deferred till today. I would like to know why it is not on the agenda.

Mr. Speaker: The hon. Minister, Shri Shah saw me and told me that the draft is still under consideration and would be finalised shortly. I shall certainly see that sufficient time is given to the hon. Members to study the draft before the discussion commences. Shri Jhunjhunwala.

Shri Jhunjhunwala (Bhagalpur): Mr. Speaker, Sir, I was submitting that the remedy suggested by the hon. Minister in order to reduce production of sugar is not going to help the objective which the hon. Minister has in view. It will increase the price of sugar and will, naturally, lead to less consumption of sugar. It should be such as will reduce the cost of production and make cheap sugar go into the market so that ther may be more consumption. I was not able to quite follow the hon. Minister. The remedy suggested by him may be right; but I think that instead of realising the objective it will put us in a vicious circle.

With these remarks I would request the hon. Minister to make it clear as to how this will solve the problem.

---

†Introduced with the recommendation of the President.

*Published in the Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2,

Mr. Speaker: I think there are no other hon. Member who desire to speak.

Some Hon. Members *rose—*

Mr. Speaker: Let me know who are all the hon. Members who want to speak.

Shri Vajpayee (Balrampur): Sir, I had already given my name. The discussion may be extended up to 2-30 p.m.

There are no amendments.

Mr. Speaker: We go on till 2-30. I will call the third reading at 2-15. There is another motion also Shri Datar's motion. How long will the discussion on the Public Service Commission Report take?

Shri Braj Raj Singh: About five hours; that can only be taken next day. May I suggest that this may be continued up to 2-30 and Shri D. C. Sharma's motion may then be taken up?

Mr. Speaker: All right. Then the discussion on the UPSC report will be passed over. Shri Vajpayee.

12.50 hrs.

[PANDIT THAKUR DAS BHARGAVA *in the Chair*]

Shri Vajpayee *rose—*

Pandit D. N. Tiwari (Kesaria): Sir. . .

Shri Vajpayee: I have been called by the hon. Speaker. Shall I speak?

Mr. Chairman: Yes.

श्री वाजपेयी : सभापति महोदय, खाद्य मंत्री जी के भाषण से दो बातें स्पष्ट नहीं होती हैं। पहली तो यह कि यदि गन्ने के क्षेत्र को कर्यादित करना है तो इसकी व्यवस्था गन्ने की बुवाई होने से पहले क्यों नहीं की गई। इस बात को सभी स्वीकार करेंगे कि हम गन्ना उत्पादकों को और अधिक खेती योग्य भूमि पर गन्ना पैदा करने की असर्यादित छूट नहीं दे सकते। कहीं न कहीं कोई मर्यादा निश्चित करनी होगी। इसलिये असल प्रश्न इस प्रकार की रोक लगाने के सिद्धान्त का नहीं है। प्रश्न यह है कि क्या कृषि और खाद्य मंत्रालय ने व्यावहारिक दृष्टि से उस समय यह कदम उठाया है जब उठाना चाहिये था? आज हालत यह है कि गन्ना खतों में खड़ा है और इस आदेश से किसान के मन में बड़ी चिन्ता पैदा हो गई है। मुझे यह सुन कर ताज्जुब हुआ खाद्य और कृषि मंत्री जी के मुंह से कि जो कमी होगी वह चार फीसदी से ज्यादा नहीं होगी। जहां तक मेरे क्षेत्र का प्रश्न है, वहां दो चीनी मिलें हैं, एक बलरामपुर में और एक तुलसीपुर में। तुलसीपुर चीनी मिल के सम्बन्ध में मुझे जो आंकड़े मिले हैं, उन से पता लगता है कि पिछले साल तुलसीपुर की चीनी मिल ने ४५ लाख मन गन्ना पेरा था लेकिन इस बार उसे ३६ लाख मन गन्ना पेरने के लिये कहा जा रहा है। इसका अर्थ यह है कि कटौती दस फीसदी की नहीं होगी, बल्कि २० फीसदी की होगी। माननीय मंत्री महोदय इन आंकड़ों के बारे में उत्तर प्रदेश शासन से पता लगा सकते हैं या सीधे जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सभापति महोदय, अब अगर किसी मिल में गन्ने को पेरने में बीस फीसदी की कटौती होने वाली है तो फिर गन्ना पैदा करने वाला जो किसान है उस पर इसका क्या असर होगा, इस बात का भी विचार हो जाना चाहिये।

The Minister of Food and Agriculture (Shri S. K. Patil): If there is anything outside ten per cent, it is outside the scope of this Bill.

Shri Vajpayee: How can it be outside the scope of the Bill? It is for the Government to explain how a particular sugar factory had been asked not to crush cane beyond a certain limit.

Shri S. K. Patil: Beyond ten per cent? If it is more than ten per cent there is evidently mistake; that can be gone into and corrected.

श्री वाजपेयी : दूसरी बात जो खाद्य मंत्री जी ने कही यह है कि अगर प्रति एकड़ गन्ने की पैदावार बढ़ाने की कोशिश की जाती तो यह समस्या खड़ी नहीं होती । लेकिन चूंकि गन्ने का क्षेत्र बढ़ गया है इसलिये हम संकट में हैं । मेरा निवेदन है कि प्रति एकड़ पैदावार बढ़ाने का सवाल यहां खड़ा करना ठीक नहीं है । इस का कारण यह है अगर प्रति एकड़ पदावार बढ़ जाती तो शक्कर अधिक पैदा होने का संकट हमारे सामने खड़ा रहता । किसान चाहे प्रति एकड़ पैदावार बढ़ाते या चाहे इस का क्षेत्र बढ़ाते समस्या गन्ने की अधिक पैदावार से उत्पन्न हुई है । पैदावार किस तरीके से की गई है, यह प्रश्न मुख्य नहीं है। मेरा निवेदन है कि इस संदर्भ में इस प्रश्न को उठाना कोई अर्थ नहीं रखता है क्योंकि गन्ना अगर अधिक पदा होता है, चाहे प्रति एकड़ पैदावार बढ़ने से होता हो या क्षेत्रफल बढ़ने से' मिलों में गन्ना अधिक जाता है और चीनी उससे अधिक बनती है और चूंकि देश में चीनी की खपत कम है, इसलिये समस्या तो ज्यों की त्यों बनी रहती है इस वास्ते मैं समझ नहीं पाया हूं कि खाद्य मंत्री जी ने प्रति एकड़ पैदावार बढ़ाने के सवाल को इस विवाद में क्यों खड़ा किया है। समस्या तो गन्ने की बढ़ती हुई पैदावार से सम्बन्ध रखती है। मैं जानना चाहता हूं कि अगर आपने क्षेत्रफल कम कर दिया और क्षेत्रफल को बढ़ने से रोक दिया और उस सूरत में किसान ने पैदावार के अच्छे साधन अपना कर जितनी जमीन में वह गन्ना पैदा करता है, उस में ही अधिक गन्ना पैदार कर लिया तो क्या देश के सामने समस्या खड़ी नहीं होगी ? मेरा निवेदन है कि यह सावल घनी खेती का और विस्तार की खेती का नहीं है। सवाल तो यह है कि जितना गन्ना चीनी में खप सकता है, आज वह उस सीमा पर पहुंच गया है । अब हमें विचार करना चाहिये कि क्या चीनी की खपत बढ़ाने के लिये कोई कदम उठाये जा सकते हैं . . .

श्री त्यागी (देहरादून) : हलवा खाओ।

श्री वाजपेयी : जब हम इस सवाल पर विचार करते हैं तो हमें देखना होगा कि हमारे देश में चीनी खाने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है । इसका हमें थोड़ा सा विचार करना चाहिये कि कितने लोग चीनी खाते हैं और क्या उनकी तादाद बढ़ नहीं सकती है। गांवों में जा कर हम देखें, बहुत से लोगों को चीनी खाने के लिये नहीं मिलती है । वे चीनी खाना भी चाहते हैं, मगर चीनी के दाम इतने अधिक हैं कि उन दामों पर वे चीनी खरीद नहीं सकते हैं ।

अभी कंट्रोल हटा है । चीनी के दाम भी कुछ कम हुए हैं । इसके फलस्वरूप चीनी की खपत बढ़ी है । मेरा निवेदन है कि अगर गर्मी के समय में जब ब्याह शादियों का मौका था, अगर यह कंट्रोल हटा दिया जाता तो चीनी की खपत और भी बढ़ सकती थी । इस वास्ते इस बात का प्रयत्न होना चाहिये कि चीनी की खपत बढ़ाई जाये। इस के लिये मैं समझता हूं एकसाइज डयूटी में कुछ कमी करने के सवाल पर सरकार को विचार करना होगा । कुछ दिनों से समाचारपत्रों में इस तरह की बात छप रही है कि सरकार चीनी पर एक्साइज ड्यूटी कम करने के बारे में विचार कर रही है । अगर ऐसा कोई विचार है तो मैं उसका स्वागत करूंगा । मैं आशा करता हूं कि खाद्य मंत्री जी इस वाद विवाद का उत्तर देते समय इस बारे में कोई घोषणा करेंगे, कोई स्पष्टीकरण करेंगे कि क्या सरकार एक्साइज ड्यूटी कम करने के बारे में विचार कर रही है ।

इस सम्बन्ध में एक बात का और भी

हमें स्मरण रखना चाहिये। गन्ना बोने के लिये किसान सहज रूप से तैयार होता है, यह बात तो ठीक है। इस का कारण यह है कि गन्ने से उसे प्राप्ति अधिक होती है। लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं कि जिन में किसान अगर गन्ना न बोएगा तो वह अपनी आजीविका के लिये भी आवश्यक साधन नहीं जुटा सकेगा। उदाहरण के लिये तराई का इलाका है। जिस क्षेत्र से मैं चुन कर आया हूं वहां गत तीन वर्ष से गेहूं की धान की, चावल की फसल बरबाद हो रही है, कभी बाढ़ से, कभी सूखे से और कभी ओले गिरने से। उस क्षेत्र में अगर किसान गन्ना न बोएगा तो फिर किसान जीवित रहने के लिये भी सामग्री न जुटा सकेगा। मुझे पता लगा है कि माननीय मंत्री जी ने हिबार के गन्ना उत्पादकों को इस तरह का आश्वासन दिया है कि क्योंकि वहां बाढ़ आ गई थी इसलिये उनका गन्ना खेत में खड़ा रहे, इस प्रकार की स्थिति न होने दी जायेगी। मेरा उनसे निवेदन है कि उत्तर प्रदेश में जिन पूर्वी जिलों में बाढ़ आई थी और किसानों को उससे अपार क्षति हुई है, उनके सम्बन्ध में भी विशेष प्रयत्न करके इस बात की कोशिश की जाये कि उनका सारा गन्ना इस बार बिक जाये।

जहां तक खण्डसारी और गुड़ बनाने का सवाल है, आप जानते हैं कि केन्द्रीय सरकार खण्डसारी के सम्बन्ध में टैक्स लगाने की ऐसी नीति को अपनाने को भूल करती रही है जिस के कारण खण्डसारी उद्योग को बड़ा धक्का लगा है। लेकिन अब हम फिर उसी खंडसारी उद्योग की शरण में जा रहे हैं। मेरा निवेदन है खंडसारी उद्योग के विकास के लिये जितना प्रयत्न होना चाहिये नहीं किया गया। लेकिन एक बड़ी कठिनाई यह है कि यह गन्ना अधिक पैदा हो रहा है उन क्षेत्रों में जहां मिलें लगी हुई हैं और नियम के अनुसार मिलों के आसपास के क्षेत्र में खंडसारी उद्योग खड़ा नहीं किया जा सकता। अब नया संकट पैदा हो गया है। किसान का गन्ना खरीदा नहीं जायेगा। खंडसारी वह बना नहीं सकते। तो जो गन्ने की बढ़ी हुई पैदावार है उसे केवल गुड़ बनाने में लगाया जा सके इसकी कोई सम्भावना नहीं दिखायी देती। मैं अन्य क्षेत्रों की नहीं कह सकता लेकिन मैं ने अपने क्षेत्र में व्यापक दौरा करके इस बात को अनुभव किया है कि अगर चीनी की मिलों ने गन्ना न खरीदा और गन्ना खेतों में खड़ा रहा तो यह आशा कि किसान उस गन्ने का गुड़ बना लेगा पूरी नहीं होगी। किसान को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

इस सदन में यह प्रश्न कई बार उठाया जा चुका है कि सरकार चीनी, खंडसारी और गुड़ के उत्पादन की कोई समन्वित योजना बनाये सम्पूर्ण देश के लिये जिसमें योग्य विचार करके चीनी का, खंडसारी का और गुड़ का स्थान नियत किया जाय। लेकिन अभी तक इस सम्बन्ध में शासन की ओर से कोई प्रयत्न नहीं किया गया है। पिछले साल इस सम्भावना को देख कर कि गन्ना अधिक पैदा होगा, गुड़ बनाने के लिये किसानों को जितना प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये था नहीं दिया गया और इसका परिणाम यह हुआ कि पिछले साल जितना गुड़ बनना चाहिये था नहीं बना, बाजार में गुड़ बहुत मंहगा बिका। किसानों में यह प्रवृत्ति है कि वे अपना गन्ना चीनी मिलों को ले जाना चाहते हैं, लेकिन अगर किसानों को समय पर गुड़ उत्पादन के लिये सहायता मिले और उनमें विश्वास हो कि गुड़ बनायेंगे तो बाजार में अच्छी कीमत पर बिकेगा तो किसान गुड़ बनाने के लिये तैयार हो सकता है, लेनिक आज की स्थिति में किसानों से यह आशा करना कि वह सारा गन्ना गुड़ बनाने में खर्च कर सकेंगे उचित नहीं होगा। यह आशा पूरी नहीं होगी।

मेरा निवेदन है कि यह जो खाद्य मंत्री महोदय ने चार फीसदी की बात कही है व

[श्री वाजपेयी]

किस तरह से हर एक चीनी मिल पर लागू होती है इसका विचार होना चाहिये। मुझे पीलीभीत की चीनी मिल से खबर मिली है कि चीनी मिल के आसपास जो गन्ना पैदा करने वाले किसान हैं वह तो अब चीनी मिल में गन्ना नहीं दे सकेंगे। मगर सरकार का जो फार्म तराई में है उसका गन्ना पीलीभीत की चीनी मिल में लाया जायेगा। तो कैसे न उन किसानों में असंतोष पैदा न होगा। सरकार का यदि फार्म खड़ा है तो किसानों के हितों को संकट में डाल कर इस फार्म का गन्ना पीलीभीत की मिल में खरीद लिया जाये इस बात की अनुमति नहीं दी जानी चाहिये। किसानों के हितों का ध्यान रख कर चलना चाहिये। लेकिन यह आदेश इस तरह लगाया गया है कि इस बात का ध्यान नहीं रखा गया। इसकी खाद्य मंत्री महोदय ने न पुष्टि की है और न इस का खंडन किया है। तो मेरा निवेदन है कि जो अधिकार सरकार प्राप्त कर रही है उसको ठीक तरह से काम में नहीं लाया जायेगा इस बात की आशंका है। इस बात का विचार करना चाहिये कि एक एक चीनी मिल कितने किसानों का गन्ना खरीदेगी, कितना गन्ना बाकी बच रहेगा, और फिर उस गन्ने को पेलने के लिये सिकानों के पास साधन हैं या नहीं, और इसके लिये अगर उनको सहायता देने की आवश्यकता हो तो वह सहायता दी जाय, इस प्रश्न का विचार केन्द्रीय सरकार को करना चाहिये। प्रान्तीय सरकारों पर यह मामला छोड़ने से काम नहीं चलेगा। वहां चीनी में कुछ राजनीती काम करती है। केन्द्र के लिये मैं यह नहीं कह सकता। लेकिन अगर सब चीजें प्रांतों पर छोड़ दी जायेंगी तो गन्ना पैदा करने वाले किसानों और चीनी खाने वाले उपभोक्ताओं के हितों की अवहेलना करके राजनीतिक कारणों से चीनी मिलों को ऐसी सुविधायें दी जायेंगी कि अन्ततोगत्वा जनता के हितों की हानि होगी। इस लिये म खाद्य मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहूंगा कि वह इसबात को स्पष्ट करें कि यह अर्डिनेन्स गन्ना बोनों से पहले जारी क्यों नहीं किया गया, पहले से किसानों को सूचना क्यों नहीं दी गयी, सरकार ने दूरदर्शिता से काम क्यों नहीं लिया, और सरकार की गलती की गन्ना पैदा करने वाले किसान सजा भुगतें यह तो उचित नहीं कहा जा सकता। गन्ना पदा हो गया है, अगर गन्ना खेत में पड़ा रहा और चीनी मिलों ने उसको न खरीदा तो गन्ना पैदा करने वाले क्षेत्र में असंतोष की व्यापक लहर फैलेगी और वह किसी के लिये ठीक नहीं होगी। मैं नहीं समझता कि सत्तारूढ़ दल की भी इस तरह की स्थिति का पदा किया जाना पसन्द करेगा। मगर शासन का आदेश ऐसा है कि किसान में इस बात की आशंका व्याप्त हो गयी है। और मैं खाद्य मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि वह यह ४ प्रतिशत की कटौती की बात किस आधार पर करते हैं। क्या उन्होंने इस सम्बन्ध में प्रान्तों से अलग अलग पूछा है कि क्या हर एक क्षेत्र का पृथक रूप से विचार किया जायेगा। मैं चाहूंगा कि यह आश्वासन दें कि उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में जहां बाढ़ आई थी वहां किसी भी किसान का गन्ना खेत में खड़ा नहीं रहने दिया जायेगा और उसको पेलने की पूरी व्यवस्था होगी।

Shri S. K. Patil: Mr. Chairman, I would like to clarify one point. The hon. Member quoted certain figures pertaining to the Tulsipur factory. Last year the factory had produced 14,966 metric tons of sugar. This year it has been asked to produce 13,469 metric tons, that is less 10 per cent to which I was referring.

Shri Vajpayee: Is it not a fact that last year the factory crushed 45 lakh maunds of cane while this year they have been asked to crush only 36 lakh maunds?

Shri S. K. Patil: We are not aware how much cane is crushed, because the sucrose contents varies. We go by

the quantity of sugar produced. It is not our intention to go beyond 10 per cent cut. The figures I have quoted are exactly ten per cent.

Shri Tyagi: There must be something wrong.

Shri S. K. Patil: I also think there seems to be something wrong. If the hon. Member convinces that some wrong has been done, I am prepared to look into it.

Shri Tyagi: There cannot be so much of variation in the figures as quoted by the hon. Member and as read out by the Hon. Minister.

Shri Vajpayee: These were figures given by the factory; I have not got my own figures.

पंडित द्वा० ना० तिवारी (केसरिया) : सभापति महोदय, कल से यह अध्यादेश पर बहस चल रही है और मैं आश्चर्य से देख रहा था कि इस समस्या के समाधान की तरफ न तो मवर का ध्यान था और न जो आनरेबल सदस्य मेरे पहले बोल चुके हैं उनको इसका ध्यान है । मुझे तो ऐसा लगता है कि इस समस्या से कुछ राजनीतिक लाभ उठाने के लिये वे लोग बोल रहे हैं । मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि इस लाभ को छोड़ और समस्या के वास्तविक हल पर अधिक ध्यान दें ।

अनरेबिल मूवर श्री ब्रजराज सिंह ने कहा कि दूसरे देशों में इतनी अधिक खपत होती है और लोग इतनी ज्यादा चीनी खाते हैं । लेकिन इन बातों को तो यहां पर कोई प्रश्न नहीं है । प्रश्न तो यह है कि आज जो स्थिति पैदा हो गयी है उसका कैसे समाधान किया जाये ।

पहले जब यह अध्यादेश जारी हुआ तो लोगों में बेचनी पदा हुई और लोग घबराये, लेकिन कल जो आरेबिल मिनिस्टर का भाषण हुआ उससे कुछ आशा की झलक दिखाई देती है । वह यह नहीं चाहते कि गन्ना लोगों के खेतों में रहे । वह अधिक से अधिक कोशिश करेंगे कि गन्ना बिक जाये और किसानों को कोई नुकसान न हो । हमारी आशा है कि ऐसा हो सकेगा और विरोधी दल के सदस्यों को ऐसी ही आशा होनी चाहिये ।

श्री वाजपेयी : ऐसी ही आशा है ।

पंडित द्वा० ना० तिवारी : मैं मानता हूं कि मन से तो वह भी यही चाहते हैं लेकिन वह कुछ ऐसी बातें इस लिये करते हैं कि लोगों में सरकार के प्रति विरोध पैदा हो । हम में और उनमें यही अन्तर है ।

श्री वाजपेयी : सभापति जी, विरोधी दल पर यह आरोप क्यों लगाया जा रहा है । इसका क्या अर्थ है ?

पंडित द्वा० ना० तिवारी : मेरा कहना यह है कि गवर्नमेंट को यह देखना है कि किस इलाके में कितना गन्ना पदा होता है और कहां कहां उसको रोकना है । ऐसे बहुत से प्रांत हैं जहां गन्ना पैदा हो रहा है । लेकिन सरकार को देखना है कि द्वितीय पंचवर्षीय योजना में जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था उससे कहां अधिक गन्ना पदा हो रहा है । यह देश बहुत बड़ा है और सब जगह एक सी पोजीशन नहीं है । ऐसा न हो कि सब को एक ही डंडे से एक ही लाठी से मार दें । सरकार को यह देखना चाहिये कि किस का कसूर है और किस का कसूर नहीं है किस ने अधिक पैदा किया और किस ने अधिक पैदा नहीं किया । जहां तक मेरे अपने प्रान्त बिहार का सम्बन्ध है आप ने बिहार के वास्ते ४ लाख टन का कोटा फिक्स किया था जब कि वहां पर उन्होंने केवल ३ लाख ८० हजार टन ही पैदा किया जिसका कि मतलब यह हुआ कि अभी भी उसके कोटे के अनुसार २० हजार टन गन्ना और अधिक पैदा करने की जरूरत है । मेरा कहना यह है कि हर एक क्षेत्र

[पंडित द्वा० ना० तिवारी]

के लिये अलग अलग दृष्टिकोण होना चाहिये। ऐसा न हो कि पहले जमाने में जैसा कि हमने एक राजा के बारे में सुना था कि उसके राज में किसी आदमी ने एक व्यक्ति को जान से मार डाला था तो चूंकि फांसी के तख्ते में उस मुजरिम की गरदन नहीं फंस पाती थी तो पकड़ कर किसी अन्य पुरुष को गरदन अटका दो। ऐसा नहीं होना चाहिये। सरकार को पहले यह देखना चाहिये कि किस क्षेत्र में कितना पदा हो रहा है और उस क्षेत्र के लिये जो कोटा आप के द्वारा निर्धारित हुआ है उस तक उसको पैदा करने की छूट दी जाये।

मैं बिहार और खास कर उत्तरी बिहार की बात कह रहा हूं जहां कि गन्ने की खेती के अलावा किसानों के पास दूसरा कोई साधन नहीं है जिससे कि वह अपना जीवन यापन कर सकें और कुछ पैसा कमा सकें। यह शुगर इंडस्ट्री ही उत्तरी बिहार के किसानों का एक मात्र आधार है जिससे कि उनको पैसा मिलता है। अगर वहां के किसानों के लिये भी आप गन्ने की इस तरह की कैद रहने देते हैं तो वे बर्बाद हो जायेंगे। एक कहावत है कि दुःख कभी अकेला नहीं आता है जब आता है तो सब ओर से आता है। यह कहावत हमारे बिहार के किसानों के साथ चरितार्थ हुआ है। गत सितम्बर मास में वहां पर एक भीषण बाढ़ आई और एक बाढ़ नहीं बल्कि तीन, तीन बार वहां पर बाढ़ें आईं जिसके फलस्वरूप लोग बर्बाद हो गये। आज उनके घर फिर से बनाने की समस्या है और उनको खिलाने की समस्या है। उनका आगे जीवन कैसे चले उसको ठीक करने की समस्या है। आज उनके खेतों में जो गन्ना तैयार खड़ा है यदि उसको न उठाया जायेगा तो सरकार को उन्हें बसाने में ज्यादा दिक्कत आयेगी और उसके वास्ते ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा बिहार का कोई कसूर नहीं। ३ लाख ८० हजार टन गन्ना पैदा हुआ है जब कि कोटे के मुताबिक २० हजार टन वह अभी और पैदा कर सकते हैं। इससे अधिक वहां पर गन्ना पैदा नहीं होगा। मैं नहीं समझता कि उसको आप इस बिल में क्यों समेट रहे हैं। बिहार को तो इस बंदिश से छूट मिलनी चाहिये। यह क्या इंसाफ हुआ? हमने आप की बात मानी और उसके मुताबिक हम चले लेकिन यह दैंड आप हमको भी देना चाहते हैं? यह कोई इंसाफ की बात नहीं है। मंत्री महोदय को यह सोचना चाहिये कि जो प्रांत आपके नियम के मुताबिक काम कर रहा है उस पर आप यह जुल्म क्यों ढा रहे हैं? उसको तो कम से कम आप को इस कैद में नहीं लाना चाहिये।

अब मान लीजिये कि महाराष्ट्र या दक्षिण के प्रांत जहां कि गन्ना ज्यादा न हो, सीमित मात्रा में पैदा होता हो वहां आप यह आदेश क्यों जारी करें। जैसा कि कल मंत्री महोदय ने अपने भाषण में बतलाया था मुझे इसका भरोसा है कि वह इन चीजों को देखेंगे कि किसी किसान का गन्ना खेत में पड़ा न रह जाये। यह आगे के लिये रुकावट है जिसको कि वह लागू करना चाहते हैं कुछ नियम लागू करना चाहते हैं ताकि आगे लोग सीमित मात्रा से अधिक गन्ना न बो सकें। मैं इससे इंकार नहीं करता कि सरकार की यह नीयत और मंशा अच्छी है लेकिन जैसा कि और लोगों ने भी कहा यह नियम समय के बाद जारी किया गया है। यह आज से एक वर्ष पहले होना चाहिये था जब कि बुवाई का सीजन था। उसके पहले ही इसको जारी होना चाहिये था ताकि किसान लोग उसी के मुताबिक अपने खेतों में गन्ना बोते। अब मालूम नहीं किस वजह से ऐसा नहीं किया गया। बहरहाल जो भी कारण रहा हो इसमें उन काश्तकारों का तो कोई कसूर है नहीं। इतनी देर के बाद हम जो उन पर नियम लागू कर रहे हैं और उन पर यह बोझ डाल

रहे हैं वह किसी तरह से भी उचित नहीं है। आप के लिये उचित यही है कि इस साल तो जितना गन्ना उनके खेतों में खड़ा है उसको आप ले लें। आगे के लिये अलबत्ता आपने जो नियम बनाया है उसके मुताबिक यदि वह नहीं चलेगा तो वे खुद तकलीफ में पड़ेंगे। लेकिन अब सीइंग सीजन खत्म हो गया है और गन्ना खेतों में तैयार खड़ा है। वह यदि नहीं उठाया जायेगा तो किसानों की भारी क्षति होगी।

उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में कुछ बाढ़ आई थी लेकिन वह बिहार के समान भीषण नहीं थी। बिहार में तो बाढ़ के फलस्वरूप भयंकर बर्बादी हुई है। हमारे प्रधान मंत्री महोदय ने उसके सम्बन्ध में कहा भी था कि उसको बिना देखे कोई अंदाजा नहीं लगा सकता कि कैसी बर्बादी हुई है। मीलों तक गांव के गांव नष्ट हो गये हैं। अब जाहिर है कि ऐसे स्थानों को और उन स्थानों को जहां कि इतनी बर्बादी नहीं हुई है दोनों को आप बराबर नहीं रख सकते। इसलिये मेरा कहना है कि जगह-जगह देख कर आप इस तरह की कैद लगायें और जहां भयंकर नुकसान हुआ है वहां के लोगों के लिये खास रियायत देने की कोशिश कीजिये।

दूसरी बात मुझे जो कहनी है वह यह है कि देश में चीनी की खपत बढ़ाने की कोशिश कीजिये और खपत चीनी की तभी बढ़ सकती है जब लोगों के हाथ में कुछ अधिक पैसा हो। अभी एक माननीय सदस्य ने ठीक ही कहा था कि चीनी का मूल्य इतना अधिक होता है कि गांव के लोग उसे खरीद ही नहीं सकते। अब यह एक जनरल एकानोमी का सवाल है जोकि इस मंत्रालय या किसी अन्य मंत्रालय का काम नहीं है बल्कि इसके वास्ते तो सारे गवर्नमेंट को जवाबदेही है कि देश के लोगों की आर्थिक अवस्था सुधारी जाये ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा अपने स्टैंडर्ड को ऊंचा कर सके। आर्थिक अवस्था सुधारने से इन चीजों की खपत अपने आप बढ़ जायेगी। अब वह तो एक बड़ा सवाल है और वह अकेले इस मंत्रालय से हल होने वाला नहीं है। वह एक दिन में हल नहीं हो सकता है। आज तो आवश्यकता इस बात को देखने की है कि जो गन्ना खेतों में तैयार खड़ा है उसका क्या किया जाय और उसको कैसे खपाया जाये। अब इसके लिये पहले तो हमने कोई कदम नहीं उठाया और आज इतनी देर बाद जब हम कदम उठा रहे हैं तो हमें देखना पड़ेगा कि हमें क्या करना चाहिये ताकि किसानों को घाटा न पहुंचे और आगे के लिये रोक भी लग जाये। यह जो अध्यादेश जारी हुआ और यह जो बिल आया है उसकी वजह से एक हाट सचिंग हो रही है और लोग सोच रहे हैं कि हमें क्या करना चाहिये। गवर्नमेंट का जो मकसद है वह आगे चल कर पूरा होगा लेकिन अभी के लिये फिल-हाल हमें कोई ऐसी समुचित व्यवस्था करनी चाहिये ताकि जहां-जहां भी गन्ना खेतों में तैयार खड़ा है वह यूं ही खड़ा न रह जाये और तमाम का तमाम बिक जाय। सरकार का यह दृष्टिकोण होना चाहिये और इसी से यह समस्या हल हो सकती है।

श्री मोहन स्वरूप (पीलीभीत) : सभापति महोदय, यह बिल जो हमारे सामने पेश किया गया है इस के सम्बन्ध में हमारे मंत्री महोदय ने यह कहा है कि इससे किसानों का भला होने जा रहा है लेकिन मेरी तो राय यह है कि किसानों के हित के विरोध में यह बिल पेश किया गया है। यह बिल उस समय पेश किया गया है जब कि गन्ना खेतों में तैयार खड़ा है और उसे मिल में जाना है। अगर यह बिल फरवरी या मार्च के महीने में आया होता और उस वक्त यह कैद लगाई होती कि २० परसेंट गन्ना मिल नहीं पेरेंगी या शुगर के प्रोडक्शन के ऊपर कुछ कैद लगाते तो ज्यादा अच्छा होता। उस वक्त किसान कम गन्ना बोता और वह दूसरी फसलों की तरफ

[श्री मोहन स्वरुप]

ज्यादा ध्यान देता लेकिन आप यह बिल एक ऐसे वक्त में लाये हैं जबकि किसान के सामने यह समस्या मुंह बाये खड़ी है कि उसका गन्ना जो खेत में खड़ा है उसको वह कैसे खपाये ।

जहां तक खंडसारी और कोल्हू व बैल चलाने वालों का ताल्लुक है उन पर वैसे ही काफी रिस्ट्रिक्शंस लगे हुए हैं, ड्यूटी लगी हुई है और उनके हौसले पस्त हैं। वह काम करने में हिचकते हैं । अभी पिछले साल खंडसारी उद्योग में काम करने वाले बहुत से लोगों ने बताया कि उनको घाटा हुआ । खंडसारी उद्योग में लगे हुए व्यक्ति गन्ने का काम करते हिचकिचा रहे हैं और दूसरी तरफ खेतों में गन्ना खड़ा है और किसान परेशान हो रहे हैं कि उन के गन्ने का क्या बनेगा । चीनी मिल कह रही हैं कि हम गन्ने के सम्बन्ध में कुछ नहीं जानते कि क्या होगा । केन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के लोग कहते हैं कि हम नहीं जानते कि गन्ने का क्या होगा । इस तरीके की बात हमारे सामने हैं ।

यह गन्ने का सवाल खास तौर से उत्तर प्रदेश और बिहार के लिये एक बहुत बड़ी समस्या है । यहां के करीब ३६००० ग्रामों में २० लाख परिवार ऐसे हैं जोकि गन्ने से सम्बन्ध रखते हैं और गन्ना बोते हैं । सन् १९५७–५८ में लगभग ३० लाख १७ हजार एकड़ रकबा गन्ने की काश्त में था जोकि अब बढ़ गया होगा । गन्ने की जो इतनी बड़ी समस्या उत्तरप्रदेश के सामने है उसको सरकार यूं ही टाल देना चाहती है और किसानों के साथ उसकी कोई हमदर्दी नहीं आती है । पिछले सेशन में मंत्री जी ने कहा था कि किसानों को कुछ कुर्बानी करनी चाहिये । उन्होंने यह भी कहा था कि किसानों के गन्ने की जो कीमत है उस में कमी होनी चाहिये । मैं कहूंगा कि माननीय मंत्री जी का यह इरादा था कि चालू सीजन में ही गन्ने का भाव कम कर दिया जाये, लेकिन इलैक्शन की वजह से—कांग्रेस पार्टी को वोट लेने हैं —गन्ने का दाम इस सीजन में कम नहीं किया गया ।

एक माननीय सदस्य : क्या माननीय सदस्य की पार्टी को वोट नहीं लेने हैं ?

श्री मोहन स्वरुप । हमने भी लेने हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी को ज्यादा लेने हैं ।

हम देखते हैं कि जब इलैक्शन आता है तो किसानों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाता है, किसान अच्छे हो जाते हैं, लेकिन इलैक्शन के बाद किसान के कपड़ों में बदबू आने लग जाती है, वह बुरा हो जाता है । १९६२ तक तो किसान अच्छा रहेगा । उस को गोद में उठाया जायेगा और गले से चिपकाया जायेगा, लेकिन उस के बाद उस की कोई आवश्यकता नहीं रह जायेगी और और उसकी कोई परवाह नहीं की जायेगी ।

हमारे सामने यह बड़ी गम्भीर स्थिति है । मंत्री महोदय ने कहा कि किसानों को कुर्बानी करनी चाहिए और गन्ने की कीमत कम होनी चाहिए, लेकिन यह मिल-मालिकों को कुर्बानी करने के लिए नहीं कहते हैं । ऐसे बहुत से मिल-मालिक हैं, जिन की पहले एक मिल थी, लेकिन अब उन्होंने चार-चार मिलें खड़ी कर ली हैं । बड़े मुनाफे उन्होंने उठाये हैं । अभी १९५४–५५ में सरकार ने इस बात को जानने के लिए एक कमेटी बिठाई थी कि एक मन गन्ने की पैदावार पर कितना खर्चा आता है । उस कमेटी की फाइंडिंग्ज यें थीं कि एक मन गन्ना पैदा करने में एक रुपया चार आने की लागत आती है । किसानों को मुश्किल से एक दो आने कार्टेज चुकाने के बाद मिलता है । इस के अलावा मजदूरी भी बढ़ रही है । लगान का भी सवाल है, पहले

उत्तर प्रदेश सरकार ने आबपाशी में तीन आने फ़ी रुपया कटौती की थी । अब गुप्ता जी को सरकार ने आबपाशी भी पूरी कर दी है । इस तरह गन्ने का खर्चा तो बढ़ता जा रहा है और दूसरी तरफ़ सरकार कहती है कि उस की कीमत कम होनी चाहिए । आप को यह जान कर ताज्जुब होगा कि जब कि खुश्क लकड़ी, जलाने की लकड़ी की कीमत ढाई तीन रुपये मन होती है, वहां गन्ने की, जिस में सुक्रोस कन्टेन्ट होता है, कीमत एक रुपया दस आने मन है । इस कामतलब तो यह है कि लकड़ी गन्ने से अच्छी है ।

गन्ने की शूगर पर मिल का करीब २८ रुपये फ़ी मन खर्च आता है और शूगर की कीमत उस को मिलती है ३८ रुपये फ़ी मन । यह भी बहुत बड़ा मुनाफ़ा है। साउथ में बम्बई की तरफ़ जो शूगर भेजी जाती है, उस की कीमत ११४ रुपये पर बैग होती है, जब कि हमारे यहां उस की कीमत १०४ रुपये पर बैग होती है । इस से मिल मालिक बड़ा फायदा उठाते हैं । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि कीमतों में जो यह डिस्पैरिटी है, उस को दूर किया जाना चाहिए । मिल-मालिक यह कहते हैं कि साउथ में शूगर ले जाने के लिए काटेज का बहुत भारी खर्चा होता है, लेकिन वास्तव में इतना खर्चा नहीं है । यह मुनाफ़ा खोरी खत्म होनी चाहिए और यह रुपया सरकारी खजाने में जाना चाहिए ।

१९५० से १९६० तक मिल-मालिकों को एक रुपया फ़ी मन मुनाफ़ा मिलता था, जब कि उस के बाद से २ रुपये ७० नये पैसे मिलता है । अब टैरिफ़ बोर्ड की रिपोर्ट में १ रुपया ३३ नये पैसे कास्ट आफ़ मैनुफैक्चरिंग और बढ़ा दिया गया है । इस तरह से मिल मालिकों को कुल मिला कर चार रुपये तीन नये पैसे का मुनाफ़ा एलाऊ कर दिया गया है । इतना जबर्दस्त मुनाफ़ा मिल-मालिक उठा रहे हैं, लेकिन इस के बावजूद उन को हर वक्त शिकायत और गिला है कि हमारे पास शूगर भरी है । मैं यह कहना चाहता हूं कि शूगर आखिर सड़ नहीं जाती है । मंत्री महोदय ने कहा कि वह एक पैरिशेबिल गुड है । मैं समझता हूं कि उस में मायस्ट्यर भले ही आ जाये, लेकिन वह सड़ने वाली और खराब होने वाली चीज नहीं है और वह तीन चार बरस रह सकती है । लेकिन अगर शूगर भरी भी है, तो इस में गन्ने के उत्पादकों का क्या कसूर है ? मिल-मालिकों ने इतना मुनाफ़ा उठाया है । अब अगर एक दो बरस बन्द रहे, तो क्या फ़र्क पड़ता है ? और फ़र्क पड़े या न पड़े, इस में किसानों का क्या कुसूर है ?

सरकार ने एक केन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट खोला हुआ है, जो कि खाद वगैरह की व्यवस्था करता है, गन्ने की वैरायटीज के विकास का प्रबन्ध करता है । प्रोडक्शन बढ़ाना उस का उद्देश्य बताया जाता है, लेकिन उस ने अभी तक यील्ड बढ़ाने की दिशा में कोई काम नहीं किया है । हम देखते हैं कि जावा, हवाई और क्यूबा में एक एकड़ में ६ टन शूगर होती है, जब कि हमारे यहां सिर्फ़ एक डेढ़ टन तक होती है । यील्ड बढ़ाने के लिए सरकार की तरफ़ से कोई योजना नहीं बनाई गई है और न ही कोई सुझाव है । खेती के सम्बन्ध में सरकार की कोई व्यापक योजना नहीं है । हां, इंडस्ट्री के सम्बन्ध में है । मैं ने बार-बार सरकार का ध्यान दिलाया है कि यह देश एक खेतिहर देश है और यहां पर खेती के बारे में कोई वाजेह पालिसी और प्रोग्राम होना चाहिए, लेकिन वह नहीं है । रबी आन्दोलन, खरीफ़ आन्दोलन चलाये जाते हैं और खाद के गड्ढे खोदे जाते हैं, लेकिन खेती के विकास के लिए कोई ऐसी व्यापक योजना नहीं है कि खेती का स्ट्रक्चर कैसा हो, किसान क्या करें और गवनमेंट क्या करने जा रही है । हम देखते हैं कि इस देश में किसान के साथ स्टैपमदरली ट्रीटमेंट होता है । उस के बारे में यह समझा जाता है कि वह इस समाज का अंश नहीं है, बल्कि आकाश से गिर पड़ा है और उस की तरफ़ तवज्जह देने की जरूरत नहीं समझी जाती है । जैसा कि मैंने कहा है, इलैक्शन के वक्त तो किसान अच्छा हो जाता है, लेकिन उस के बाद वह बुरा हो जाता है ।

[श्री मोहन स्वरुप]

रिकवरी बढ़ाने की तरफ़ भी सरकार का ध्यान नहीं है । १९३४–३५ में १५.२ टन पर-एकड़ की यील्ड गन्ने की थी, जो कि अब घट गई है और १३.७ टन हो गई है । रिसेंट स्टैटिस्टिक्स से पता चलता है कि वह घट कर १३ टन फ़ी एकड़ रह गई है । पैदावार और रिकवरी घट रही हैं, लेकिन उन को बढ़ाने की तरफ़ सरकार का कोई ध्यान नहीं है ।

सरकार की तरफ से कहा जाता है कि मिल-मालिक बड़ी मुसीबत में हैं । मेरी कांस्टाट्एन्सी में एक मिल पहले से मौजूद है और एक खुलने जा रहा है । मुझे मालूम है कि पोलीभीत की शुगर मिल में किसानों का लगभग बीस पच्चीस लाख रुपया बाकी है, लेकिन उस तरफ न तो सरकार और न ही केन डिपार्टमेंट तवज्जह देता है । किसान अजीब मुसीबत में हैं । उन्होंने मिलों में गन्ना डाल दिया है, लेकिन उस का मूल्य उन को नहीं मिला है । इस के अलावा उन के खेतों में जो गन्ना है, उस की पिराई की कोई शक्ल नहीं है ।

इस स्थिति में मैं यह जानना चाहता हूं कि इस तरह से कैसे काम चलेगा और किसानों की मुसीबत कैसे रफ़ा होगी । अगले साल चाहे कुछ भी हो, लेकिन इस वक्त किसानों की गन्ने का फ़सल खड़ी हुई है । सरकार का फ़र्ज है कि वह उस को डालने के लिए इन्तजाम करे और इस सिलसिले में केन डिपार्टमेंट और सूबों की सरकारों को इस तरह के डायरेक्टिव दे कि जो गन्ना इस साल खड़ा है, वह मिलों मे ले लिया जाये और उस का मूल्य किसानों को मिल जाये । अगले साल जब सोइंग का समय आयेगा, १५ फरवरी से गन्ना बोने का समय आता है, उस वक्त सरकार कह दे कि गन्ने को फ़सल कम होनी चाहिए । जब किसान यह समझेगा कि गन्ना नहीं पिराया जायेगा, मिलों को नहीं जायेगा, तो वे स्वाहमख्वाह पैदावार कम कर देंगे । इस तरह से एकड़ेज कम हो जायेगा ।

गवर्नमेंट का यह कहना बिल्कुल ग़लत है कि एकड़ेज बढ़ रहा है । मेरे पास जो फ़िगर्ज हैं, उन से मालूम होता है कि १९५९–६० में ५१,७८ हजार एकड़ रकबा था और १९६०–६१ में ५१,५७ हजार एकड़ रह गया । इस से साफ़ जाहिर है कि रकबा कम हुआ है, जब कि माननीय मंत्री जी कहते हैं कि रकबा बढ़ गया है । समझ में नहीं आता कि वह कहां के फ़िगर्ज कोट कर रहे हैं ।

यह कहना कि गन्ना ज्यादा बोया जाता है एक मजाक है । तराई में ऐसे इलाके हैं, जहां कोई फ़सल अच्छी तरह से नहीं होता है । गेहूं वहां अच्छा नहीं होता है, धान बोया जाता है लेकिन बाढ़ से वह तबाह और बर्बाद हो जाता है, वर्षा कम होता है तो सूख जाता है । इस वास्ते गन्ना ही ऐसी फ़सल है जिस पर सैलाब का असर अधिक नहीं होता है, ओले का या अधिक पानी का असर ज्यादा नहीं पड़ता है । इससे उन लोगों को कुछ पैसा भी मिल जाता है और उनके आंसू पुंछ जाते हैं । अगर वह गेहूं बोते हैं तो तैयार होने पर कभी-कभी ओला गिर जाता है और समस्त फ़सल खत्म हो जाती है । गन्ने की फसल कैश क्राप है और उनको इससे कुछ पैसा मिल जाता है । सरकार इसको अच्छा नहीं समझती है कि उनको पैसा मिले । सरकार तो यही चाहती मालूम देती है कि किसान भूखों मरते रहें, फाका करता रहें और तबाह और बर्बाद होता रहे । केवल गन्ना ही नहीं बोया जाता है दूसरे सीरियल्ज भी बोए जाते हैं । गन्ने के मुकाबले में सीरियल्ज कहीं अधिक बोए जाते हैं । गवर्नमेंट के ही स्टेटिसटिक्स में यह बताया गया है कि सारे देश की खेती वाली भूमि में केवल एक प्वाइंट कुछ प्रतिशत में गन्ने की खेती होती है और बाकी में दूसरे सीरियल्ज की खेती होती है । यह इलजाम लगाना कि गन्ना ज्यादा बोया जाता है, गलत है और यह कोई माने नहीं रखता है ।

जहां तक शक्कर का सम्बन्ध है, जब भी पार्लियामेंट का सैशन होता है, इसका जिक्र आता है, इस पर तजकरा होता है। मैं चाहता हूं कि इसका कोई मुस्तकिल हल सोचा जाये शक्कर की कीमतें घटनी चाहियें। वे आज अधिक हैं। खुशी की बात है कि कंट्रोल सरकार ने हटा दिया है। इससे वाकई में शक्कर की कंजम्पशन अधिक होने लगेगी। अगर लोगों को शक्कर न मिले तो वे खायें कहां से? अब उनको शक्कर मिलने लग गई है तो वे खाने भी लग जायेंगे। अगर यह कहा जाता है कि गांवों के लोग शक्कर नहीं खाते हैं तो यह गलत बात है। अगर उनको शक्कर मिले तब तो वे खाएं। सभापति महोदय, आप जानते ही हैं कि जब कंट्रोल था तो दूकानों पर कितनी लम्बी-लम्बी लाइनें शक्कर खरीदने वालों की लग जाया करती थीं। कितने ही घंटे लाइनों में खड़े रहने पर भी लोगों को शक्कर नहीं मिलती थी। लोग शक्कर खाते हैं और जैसे जैसे देश की आबादी बढ़ रही है, मेरे ख्याल में शक्कर का कंजम्पशन भी बढ़ेगा।

इसी के साथ-साथ हम को दुनिया की मार्किट में अपनी शक्कर को खपाना होगा और इसके लिए मार्किट तलाश करनी होगी। अमरीका की मार्किट हम को मिली थी लेकिन वह भी टैम्पोरेरी मार्किट है। अगर अमरीका का क्यूबा के साथ समझौता हो गया और उसके साथ उसके सम्बन्ध दुरुस्त हो गए तो अमरीका क्यूबा की शूगर लेगा, हिन्दुस्तान की नहीं। इस वास्ते मैं समझता हूं कि एक्सपोर्ट के लिए हमें मुस्तकिल मार्किट की तलाश करनी होगी। पिछले दिनों मैंने एस० टी० सी० के बारे में एक सवाल पूछा था। एस० टी० सी० ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम विदेशों को शक्कर का एक्सपोर्ट करते हैं। मैंने पूछा था कि क्या वजह है कि आप पाकिस्तान से और ईरान से अपना फैसला नहीं कर सके हैं कीमत के बारे में और क्यों झगड़ा पड़ा हुआ है। इसका कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। नतीजा यह हुआ कि उन देशों ने क्यूबा से फैसला कर लिया और क्यूबा की शूगर लेनी शुरू कर दी। हमको इस काम में ढिलाई नहीं बरतनी चाहिये जो भी बात-चीत हो जल्दी से उसको पूरा करना चाहिये और किसी समझौते पर पहुंचना चाहिये।

रिकवरी और पर एकड़ यील्ड का भी हमें ज्यादा ख्याल रखना चाहिये, उस तरफ भी खास तवज्जह देनी चाहिये। यदि ऐसा किया गया तो शूगर का मसला, गन्ने का मसला हल हो सकता है।

अन्त में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि गन्ना जो खेतों में खड़ा हुआ है, उसकी पिराई का बंदोबस्त आपको करना चाहिये।

Some Hon. Members *rose*—

Mr. Chairman: Shri Ramam. I would request hon. Members to be brief. A large number of hon. Members want to speak on this. I find that hon. Members instead of confining their remarks to five or seven minutes are taking three times that time. I would request them to be brief.

Shri T. B. Vittal Rao (Khammam): The debate may be continued tomorrow also.

श्री रामम् (नरसापुर) : सभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो यह बिल इंट्रोड्यूस किया है, इसको देख कर मुझे बहुत अफ़सोस हुआ है। हमारे देश में १९५८ तक चीनी की कमी रही है। लेकिन उसके एक दो साल के बाद ही चीनी का उत्पादन ज्यादा होने लग गया और आज हालत यह है कि हम समझने लग गए हैं कि उत्पादन इतना ज्यादा हो गया है कि इसको खपाया नहीं जा सकता है और हमारे सामने एक भयंकर समस्या उत्पन्न हो गई है। मैं समझता हूं कि हमें इस समस्या की बुनियाद में जाना होगा।

[श्री रामन्]

१९५८ के पहले पांच बरसों में हम को ५० करोड़ रुपये का फारेन एक्सचेंज खर्च करके बाहर से चीनी का इम्पोर्ट करना पड़ा है। आज हालत यह हो गई है जैसा कि मन्त्री महोदय बताते हैं कि उत्पादन इतना अधिक हो गया है कि इसको खपाया नहीं जा सकता है।

जो हमारे देश में चीनी की कमी थी, उसको हम कैसे पूरा कर सके हैं, इस की बात आप सुन लीजिये। माननीय मंत्री जी ने बताया है कि किसानों को गन्ने के जो भाव दिए जाते थे, उसमें तीन आना प्रति मन की बढ़ोतरी किये जाने के फलस्वरूप और साथ ही साथ मिल मालिकों को भी और कुछ फायदा पहुंचा कर, उत्पादन बढ़ा सकने में वह समर्थ हुए हैं। इस सब का नतीजा यह हुआ है कि दो ही साल में हमारे यहां इतनी चीनी पैदा होने लग गई है कि यह हमारे लिए एक समस्या बन गई है और हमें पता नहीं चलता है कि इसको कैसे डिसपोज आफ किया जाए। माननीय मंत्री जी ने पिछले सैशन में गन्ने के भाव घटाने के लिए एक विधेयक रखा था। सौभाग्यवश उस सैशन में उस प्रपोजल को मदद नहीं मिली।

Shri S. K. Patil: That is not true. He said I brought forward some resolution to decrease the price of cane. Surely, that is not true. I do not know from where he got it.

Shri Mohan Swarup: But you gave a suggestion on the floor of the House.

Shri S. K. Patil: I never gave it. If there is anybody who says that it would not be reduced it is the Minister more than the Members even.

श्री रामन् : मेरे पास अखबार के कटिंग हैं जिस में माननीय मंत्री जी की स्पीच छपी है। माननीय मंत्री जी ने बम्बई में गन्ने के भाव घटाने के बारे में कहा था। इस कटिंग को मैं आप के सामने पेश करने के लिए भी तैयार हूं। इस सदन में भी उस के ऊपर काफी बहस हुई थी। इस को सभापति महोदय आप भी बड़ी अच्छी तरह से जानते हैं।

लेकिन बाद में क्या किया जाता है, इसको आप देखें। उसको घटाने के लिए आर्डिनेंस जारी कर दिया जाता है और अब एक बिल उसी सम्बन्ध में पेश कर दिया गया है। मेरे खयाल में .....

Shri Goray (Poona): The hon. Member seems to be struggling with the language. We do not understand exactly what the hon. Member wants to say. I think he also finds it difficult. So there is likely to be misunderstanding on both the sides.

श्री रामन् : मेरा ख्याल है कि चीनी तैयार करने के लिए, उसको रेग्युलेट करने के लिए यह बिल लाया गया है, इसकी कोई जरूरत नहीं थी। चीनी आज देश में खप नहीं रही है, तो इस का कारण यह है कि चीनी के भाव बहुत ज्यादा हैं, और उनको नीचे लाया जाए। मैं समझता हूं कि आज देश में उत्पादन को कंट्रोल करने की इतनी आवश्यकता नहीं है, बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि उत्पादन को और बढ़ाया जाए और उस सब की खपत देश में हो सकती है। भारत में सभी लोगों को काफी मात्रा में चीनी नहीं मिल रही है। मेरे ख्याल में ३०–४० प्रतिशत से ज्यादा आज हमारे देश में लोग चीनी नहीं खाते हैं। ६०–७० फीसदी लोग हमारे देश में आज भी ऐसे हैं जिन को चीनी नहीं मिलती है। ये लोग चीनी न चाहते हों, ऐसी बात नहीं है। वे चीनी खाना चाहते हैं लेकिन जिस भाव पर वह बिक रही है, उस भाव पर वे इसे खरीद नहीं सकते हैं। ये लोग चीनी खा सकें इसके लिए यह बहुत आवश्यक है कि चीनी के भाव कम किए जाएं और साथ ही साथ चीनी के उत्पादन को बढ़ाया जाए।

किसान को गन्ने का जो भाव दिया जा रहा है, उसको घटाने की आपको चेष्टा

नहीं करनी चाहिए । जो मुनाफ़ा मिल-मालिकों को जेब में जा रहा है, उसको आपको कम करना चाहिए । पिछले सैशन में भी इसके बारे में काफ़ी बहस हुई थी । मैं आपको बताना चाहता हूं कि कितना अधिक मिल वाले मुनाफा कमा रहे हैं । देश में शुगर फैक्ट्री वाले कितना मुनाफा कमा रहे हैं, इसका हमको ठीक-ठीक पता नहीं है क्योंकि वे ठीक-ठीक एकाउंट नहीं रखते हैं, कुछ इनकम टैक्स वालों के डर की वजह से और कुछ जो दूसरे डर हैं, उनकी वजह से । लेकिन आंध्र प्रदेश में एक शुगर फैक्ट्री है । जिसका नाम निज़ाम शुगर फैक्ट्री है । वह बोधन में है । १९६० में ९० लाख का प्राफिट दिखा पाई है। ९० लाख का प्राफिट एक साल में एक शुगर फैक्ट्री को हुआ है । इस वास्ते जरूरत इस बात की है कि मिल-मालिकों के प्राफिट्स को घटाया जाए और चीनी की कीमतों को कम किया जाए । अगर दाम घट जाते हैं तो देश में ही शुगर का खर्चा बढ़ जाएगा, शुगर की खपत बढ़ जाएगी । इस वास्ते उत्पादन को कंट्रोल करने के बजाए शुगर के दाम घटाने की तरफ़ आपको खास ध्यान देना चाहिए ।

जो एक्साइज ड्यूटी आपने शुगर पर लगाई है वह भी बहुत अधिक है । माननीय मन्त्री जी ने कल बताया है कि शुगर अधिक खाने से सेहत ठीक नहीं रहती है, तन्दुरुस्ती अच्छी नहीं रहती है । मेरी राय इसके बर-खिलाफ है । भारत में सभी के लिये, बच्चों और बीमारों और वर्कर्ज इत्यादि सभी के लिये यह मुफीद है । जो मेहनत करके थक जाता है, उसको थोड़ी शुगर देने से, मिठाई देने से, शक्कर को पानी में घोल कर देने से, उसकी थकावट दूर हो जाती है और फिर से वह ताकत का अनुभव करने लग जाता है । मेहनतकश लोगों को आज शुगर नहीं मिलती है और हम शुगर प्रोडक्शन को कम करने जा रहे हैं ।

Mr. Chairman: The hon. Member must try to conclude now. I think he knows that this discussion has to conclude by 2.30. I have a long list of speakers before me. At the same time, I am very sorry to say that the hon. Member is not speaking on the point. He is dilating upon the general uses of sugar. The specific point which is before the House is not being touched by him at all.

श्री रामम् : यह ज्यादा अच्छा होगा कि शक्कर का दाम घटा कर देसी मार्केट में उसको ज्यादा खपाने का प्रबन्ध किया जाए । चीनी खाद्य वस्तुओं में अव्वल दरजे की चीज है । मेरे ख्याल से इसके उत्पादन पर रोक नहीं लगानी चाहिये । इसलिये मेरी मन्त्री महोदय से विनती है कि वह इस बिल को वापस ले लें । बल्कि किसानों को ज्यादा गन्ना पैदा करने के लिये मदद दी जानी चाहिए ।

अगर अभी से चीनी पर कण्ट्रोल लगाया गया और उसका रेग्युलेशन किया गया तो इसका परिणाम यह होगा कि दो तीन साल में देश में लोगों के लिये चीनी की कमी पड़ जाएगी । इसलिये मेरी मन्त्री महोदय से विनती है कि वह इस बिल को वापस ले लें नहीं तो प्रोडक्शन का क्षय होगा । लोगों के लिये चीनी की काफी सप्लाई होनी चाहिये । अभी इसकी काफी सप्लाई नहीं है । इसलिये इस पर रोक नहीं लगानी चाहिये ।

सरकार मिल मालिकों का मुनाफा कम नहीं करना चाहती । सरकार खुद ३० परसेंट एक्साइज लेती है और ३० परसेंट मिल-मालिक को मुनाफा देती है । किसानों को केवल ४० प्रतिशत मिलता है जबकि मन्त्री महोदय कहते हैं कि किसानों को ७० प्रतिशत मिलता है । मैं कहता हूं कि अगर वह इसकी जांच करने के लिये कोई कमेटी नियुक्त करेंगे तो उनको मालूम होगा कि किसान को ४० परसेंट से ज्यादा नहीं मिलता । ६० परसेंट से ज्यादा तो मिल वालों के मुनाफे में और एक्साइज में चला जाता है ।

[श्री रामम्]

इसलिये मेरा अनुरोध है कि मन्त्री महोदय इस बिल को वापस ले लें क्योंकि इस का कोई जरूरत नहीं है ।

Shri T. Subramanyam (Bellary): Mr. Chairman, Sir, in view of the large accumulated stocks with the factories and in the godowns to the extent of nearly 12 lakh tons and also having regard to the fact that the industry has to be stabilised and the ryots also have to be helped, it is now proposed by the Ministry to regulate the production of sugar for the coming year. In this context I would urge that the yield per acre should not be adversely affected. It should not have a depressing or an inhibiting effect upon the yield per acre. That is the crux of the problem. That is also the anxiety of the hon. Food Minister. It was obvious yesterday.

If our Third Plan or if any plan has to succeed and if our agricultural economy has to be successful, it is of the utmost importance and significance that the yield per acre should not decrease but should, on the other hand, increase. I am glad to mention in this context that the yield per acre in South India is much more than in North India. Yesterday it was mentioned that in Uttar Pradesh and in other States the yield was about 14 to 15 tons per acre, sometimes even less than that. In South India there are several States, like, Maharashtra, Mysore, Andhra and other States, where it exceeds 30, 35 or 40 tons and approaches even 50 tons. I know of ryots who have produced even 60 tons per acre. Therefore I submit that it should not have a depressing effect upon the attempts made by the ryots to increase the yield per acre.

Yesterday it was mentioned that the acreage of sugarcane has increased. Compared with 1959-60 in 1960-61 there was an increase of 514,000 acres. That was mostly in Uttar Pradesh and other States. That was not so in South India. Mysore was one of the States which recorded a decrease in the production of sugar. The other State was Andhra Pradesh. There is another factor which has to be remembered in this connection. I have received numerous telegrams and representations from the agriculturists of Bellary District in Mysore State. There are two factories there. I am glad to mention that in that area in Hospet, Kampi and Kamlapur the ryots have been taking very keen interest and active care to see that the yield per acre increases year by year. That has been their concern. The Government has also been helping them The growing of sugarcane is a very costly affair involving the use of fertilisers, good and improved seeds, labour and all these factors. Therefore when the expenditure of these ryots and agriculturists has increased enormously, I submit that they should not be put to any serious loss. I know that this is the anxiety of the hon. Food Minister also. He has made it obvious yesterday. In the coming months attempt should be made to increase exports and also internal consumption. In the matter of regulating production probably there may not be much need to reduce the production in the factories we should take enough care to see that our distributive system is satisfactory and adequate. I know there are large areas and a large number of people whom sugar has not reached under this distributive process. Prices have also slightly come down. It is a good thing. While the Government should have its excise duty, the factories should have its profits and dividends and the agriculturist his proper and adequate and satisfactory price, I feel that the interests of the consumer should not be ignored in this matter. Prices should not go down too low resulting in the agriculturist not getting a proper and adequate price. But if there is a fall in price, as there has been, the beneficiaries of the reduction in price should be the consumers and not the others. That I would like to submit strongly.

As I said, I have received nume-

rous representations. There was also a conference just a month back in Hospet when the agriculturists and the sugarcane growers of that area passed a resolution saying that Government may kindly reconsider this position and see that the ryots are not put to a loss. I know it is also the interest of the hon. Food Minister. If the cane could be diverted to the manufacture of jaggery it would be very good. I feel that in that particular area considering all these factors there is no need for this reduction and the ryots should not be put to a loss. That is the concern of the hon. Minister and that is also my concern and of the agriculturists.

Shri S. L. Saksena (Maharajganj): Sir, I was very happy when I saw in the papers that the hon. Minister had decontrolled sugar. That will certainly increase consumption of sugar by about 2 lakh tons. That is my estimate. But I was very sorry when I saw the Ordinance. I do not think that is the method by which he could meet the sugar crisis.

If, as has been said in the Bill, 10 per cent production of sugar has to be reduced, it will mean that about 8½ crore maunds of cane will be left uncrushed. But even if I accept his 4 per cent figure, it will mean that 3½ crore maunds of uncrushed cane will be there. There is also 10 per cent additional production than last year. It will mean that about 12 crore maunds of cane will remain uncrushed even if I accept his figure of 4 per cent. But according to the figure given in the Bill, it will mean that 17 crore maunds of cane will remain uncrushed. It must be used for the manufacture of gur and *khandsari*. Only last year mills were crying, "Destroy the *khandsari* Industry" because they did not get enough cane for their mills They said, "Do not put any extra unit in the mill zone' and the result is that the industry is almost destroyed. You have put a high excise duty on it with the result that they are suffering losses. The U.P. Government, keenly conscious of the calamity in store, have removed all the cesses and licence fees of the crushes there. But, the Central Government, as I was told by the Chief Minister himself, is not wiling to take off the excise duty. I therefore request, if you really want the industry to flourish, that you should remove the excise immediately, so that this year they can do something. Then too, they may not be able to crush the 17 crore-maunds of excess cane. That can only be made if the mills are asked to crush them. What I say is this. The factories are already late by one month. Last year, the crushing season began on the 4th of November. This year, they have not started in many mills. They are about to start early in December. That would mean that they will be one month delayed. That would mean, after the elections after February, these factories will say, we cannot crush the cane. Last year, they started in November, and they crushed till June. Then too, they were not able to crush all the cane . Some cane was burnt in barhein in Basti District in Tulsipur factory area. What I say in this You have not given incentives to factory owners. You have taken them away. The factory owners will say after February that we cannot crush the cane unless you cut the prices. So, I can prophesy this. In the month of March, the sugarcane prices will be reduced to a very low figure so that the entire cane will be crushed. I say this is deceiving the cane growers. I want an assurance from the Minister that the sugarcane prices will be kept up to the very end and the factories will be induce to crush all the cane. I can tell you they cannot be induced until you continue the incentives which you have given so far. Therefore I say this. Last year, you spent Rs. 10 crores to give incentives to the mill owners so that they may crush all the sugarcane, that was produced and they produced the maximum amount. This year, you have taken away all the incen-

[Shri S. L. Saksena]

tives. I would say, you keep on the incentices. It will not cost very much. Already the figure was 30 lakh tons. They can produce a little more. It may be 10 crore maunds of 6 crore maunds more than last year and 9 crores more than the year before last. You have to give rebate on excise duty on about 8 lakh tons. This year, even if they produce 2 lakh tons of sugar more than last year, you have to give within one-fourth of what was given last year.

I, therefore, say this. Give a promise to the House that you will not reduce the price of cane until the last stick of cane standing in the field is crushed. Otherwise, if it is reduced after the elections, that would be playing foul with the electorate—telling them that we have promised full price of cane now and you will take it away after the elections are over. I may tell you, the factory owners, last year, rushed in June. Surely, in the month of June, recovery is low. How can you expect them to crush this year unless you give them incentives? Therefore, I say, promise to this country that the sugar cane price will be kept up until the end of the season, and secondly you will give the factory owners sufficient incentives to continue crushing even in June this year. Then all the cane will be crushed.

